भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.08.2024

आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–24.08.2024 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (रेलवे स्टोर) पीबी निनावे एवं अपर सदस्य (राजस्व) डा0 एन के श्रीवास्तव ने दौरा किया। दोनों अपर सदस्यों ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ महाप्रबंधक सभागार में बैठक की।

अपर सदस्य (रेलवे स्टोर) ने कारखाना परिसर में शैल डिपों, फर्निशिंग डिपों, स्क्रैप यार्ड, नवनिर्मित टर्नकी शैड एवं विभिन्न शॉपों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। अपर सदस्य को भण्डार विभाग द्वारा सामग्री वितरण एवं रखरखाव प्रक्रिया के संबंध में पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल ने जानकारी दी।

भण्डार विभाग के डिपों में सामग्री के उचित रखरखाव तथा ऑटोमेटेड स्टोरेज रिट्राइवल सिस्टम द्वारा फीफो व्यवस्था की तारीफ करते हुए अपर सदस्य ने कहा कि यह भारतीय रेलवे का सबसे अच्छा डिपो है साथ ही उन्होने यह सुझाव भी दिया कि जब तक कोई सामग्री भण्डार विभाग में रहे तब तक उसकी गुणवत्ता में कोई कमी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए एवं ऑटोमेटेड स्टोरेज रिट्राइवल सिस्टम में पैलेट की जो कमी है उसको पूरा करने का निर्देश दिया।

अपर सदस्य (राजस्व) डा0 एन के श्रीवास्तव ने बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए गये वित्त व्यय की समीक्षा की एवं सुझाव दिया कि धन बेहतर उपयोग सुनिश्चित करते हुए कोच निर्माण का कार्य किया जाए। जिससे भारत सरकार की न्यूनतम संसाधनों का अधिकतम उपयोग वाली आर्थिक नीतियों का पालन हो सके।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई, विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल,पीएफए बीएल मीना, पीसीईई हरीश चंद्र, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

24.8.2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी